>

Title: Need to introduce the trains proposed in the Railway Budget in Rewa Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

**श्री देवराज सिंह पटेल (रीवा):** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा के लिए पिछले रेल बजट में तत्कालीन रेल मंत्री श्री दिनेश त्रिवेदी जी ने दो ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की थी जिनमें रीवा-इन्दौर ट्रेन की एक वर्ष बाद 2 मार्च, 2013 में शुरुआत हो गई है। मैं इसके लिए माननीय रेल मंत्री पवन कुमार बंसल का बहुत धन्यवाद करता हूं। रीवा से चिरमिरी के लिए ट्रेन नं. 51753 और 51754 चलाने की घोषणा के बावजूद अभी तक मंत्रालय की हरी झंडी नहीं मिली है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि रेल मंत्री जी अपने वादे को शीघ्र से शीघ्र पूरा करें।

महोदय, रीवा-सिंगरौली रेलवे प्रोजेक्ट में मंत्रालय ने निर्धारित मद देने में देर कर दी है। विलंब के कारण 1 करोड़ का प्रस्तावित प्रोजेक्ट का खर्च 10 करोड़ रुपए में हो रहा है। इस प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा होने के लिए 20 करोड़ रुपए चाहिए नहीं तो यह प्रोजेक्ट 50 करोड़ रुपए का हो जाएगा और इससे सरकारी धन का दुरुपयोग होगा।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र ऐतिहासिक स्थल, पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। अभी जबलपुर से चलकर मुम्बई और मुंम्बई से चलकर जबलपुर तक एक गरीब रथ ट्रेन जो चल रही है, इसकी मांग लम्बे समय से चली आ रही है। यह जबलपुर में आकर 12 से 14 घंटे खड़ी रहती है। मेरी मांग है कि इस ट्रेन का परिचालन रीवा तक बढ़ाया जाए।